CMYK

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 167 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - मंगलवार,09 दिसम्बर,2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

## राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्था में बड़ा बदलावः 222 पंचायत समितियों में अब एसडीएम संभालेंगे जिम्मा, 21 जिला परिषदों में कलेक्टर होंगे प्रशासक

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

राजस्थान में पंचायती राज व्यवस्थाओं का स्वरूप बदलने जा रहा है। पंचायत समितियों और जिला परिषदों में चुने हुए जनप्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त होने लगा है, और चुनाव समय पर न होने के कारण अब प्रशासनिक नियंत्रण की बागडोर अफसरों के हाथों में सौंपी जा रही है। ग्राम पंचायत स्तर पर जहां सरकार ने मौजूदा सरपंचों को ही प्रशासक बनाकर निरंतरता बनाए रखी थी, वहीं पंचायत समितियों और जिला परिषदों में यह मॉडल पूरी तरह बदल दिया गया है।

### पंचायत समितियों में प्रधानों की जगह अब एसडीएम को कमान

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज संस्थान द्वारा जारी आदेशों के अनुसार, 11 दिसंबर तक जिन पंचायत समितियों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, वहां संबंधित उपखंड अधिकारी प्रशासक के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

किस एसडीएम को कौन-सी समिति का चार्ज मिलेगा, यह तय करने की जिम्मेदारी जिला कलेक्टरों को दी गई है।

प्रदेश में इस माह कुल 222 पंचायत समितियों का कार्यकाल समाप्त होने जा रहा है, जिनमें उदयपुर, टोंक, सीकर, राजसमंद सहित 21 जिलों की समितियां शामिल हैं।

### जिला परिषदों में चुने हुए जिला प्रमुखों की जगह अब कलेक्टर

पंचायत समितियों की तरह ही जिला परिषदों में भी अब प्रशासनिक व्यवस्था बदल दी गई है। जिन 21 जिलों में जिला परिषदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, वहां जिला कलेक्टरों को प्रशासक बनाया जाएगा। इनमें जैसलमेर, उदयपुर, बाड़मेर, अजमेर, पाली, भीलवाड़ा, राजसमंद, नागौर, बांसवाड़ा, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, चूरू, डूंगरपुर, हनुमानगढ़, जालोर, झालावाड़, झुंझुनूं, प्रतापगढ़, सीकर और टोंक शामिल है



प्रतीकात्मक इमेज

इससे पहले, पिछले महीने जयपुर, जोधपुर और कोटा नगर निगमों का कार्यकाल समाप्त होने पर सरकार ने संभागीय आयुक्तों को प्रशासक के तौर पर नियुक्त किया था।

### प्रधानों की कार्यकाल बढ़ाने की मांग नहीं मानी

सरपंचों की तर्ज पर प्रधान भी अपने कार्यकाल बढ़ाने की मांग कर रहे थे।

उन्होंने पंचायती राज मंत्री से लेकर उच्च स्तर तक इस मुद्दे को उठाया और मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाई।

लेकिन सरकार ने पुरानी परंपरा के अनुसार ही फैसला लेते हुए उनकी मांग अस्वीकार कर दी और एसडीएम को प्रशासक नियुक्त करने की व्यवस्था बहाल रखी।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में उमड़ी भीड़, कार्यकर्ता सुनवाई बनी केंद्र में चर्चा

### दीया कुमारी-खर्रा ने 150 से ज्यादा परिवाद सुने, कई मामलों में मौके पर ही समाधान

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

भाजपा प्रदेश कार्यालय में सोमवार को कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम के दौरान अभूतपूर्व भीड़ देखने को मिली। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा की मौजूदगी में प्रदेशभर से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और क्षेत्रीय मुद्दे रखे। भाजपा का दावा है कि यह नई व्यवस्था न केवल संगठन और सरकार के बीच सीधा संवाद मजबूत कर रही है, बल्कि समस्याओं के त्वरित समाधान की रफ्तार भी बढ़ा रही है।

सुनवाई के दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ज्योति मिर्धा और प्रदेश महामंत्री कैलाश मेघवाल भी साथ रहे। लगभग 150 से अधिक कार्यकर्ताओं ने अपने परिवाद प्रस्तुत किए। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बताया कि विभिन्न जिलों से आए प्रकरणों को गंभीरता से सुनकर अधिकांश मामलों को संबंधित विभागों को भेज दिया गया, वहीं कई शिकायतों पर मौके पर ही अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर त्वरित समाधान का प्रयास किया गया।

उन्होंने कहा कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा शुरू की गई यह नियमित कार्यकर्ता सुनवाई संगठन की रीढ़ कार्यकर्ताओं को मजबूत करने का निर्णायक कदम है। 'हर कार्यकर्ता सर्वोपरि है, और उसकी समस्या का समाधान सुनिश्चित करना





हमारी जिम्मेदारी है । दिया कुमारी ने स्पष्ट किया कि हर परिवाद का नियमित फॉलोअप होगा और हर दो दिन में प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले पांच सालों में कांग्रेस ने कार्यकर्ताओं की सुनवाई लगभग बंद कर रखी थी। भाजपा सरकार में मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक हर सप्ताह दो दिन जन एवं कार्यकर्ता सुनवाई कर रहे हैं।

यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने भी नए कार्यक्रम को कार्यकर्ताओं की आवाज सीधा नेतृत्व तक पहुंचाने वाली प्रभावी व्यवस्था बताया। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों, अतिक्रमण, प्रशासनिक गड़बड़ियों और विभिन्न विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़े कई प्रकरण प्राप्त हुए हैं, जिन पर तत्काल टिप्पणियाँ लेकर समाधान की दिशा में काम आगे बढ़ाया जा रहा है।

कांग्रेस पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि 'कांग्रेस बिना ओबीसी को आरक्षण दिए निकाय और पंचायत चुनाव करवाना चाहती है तो सामने आए। कोर्ट के स्पष्ट आदेश हैं कि निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आरक्षण लागू हो सकता है।' उन्होंने बताया कि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अपना कार्य गंभीरता से कर रहा है और विस्तृत प्रक्रिया में समय लगना स्वाभाविक है।

पत्रकारों के सवाल पर झाबर सिंह खर्रा ने तंज कसते हुए कहा, डोटासरा जब मंत्री थे, तब उनकी कोई सुनता था या नहीं, यह मुझे नहीं पता, लेकिन आज भाजपा के मंत्रियों की बात अधिकारी सुनते भी हैं और कार्रवाई भी करते हैं। कांग्रेसियों को क्या दर्द है, इसका निदान मेरे पास नहींं मैं चिकित्सक हूं, न वैद्य, न हकीम।

प्रदेश कार्यालय सचिव मुकेश पारीक ने बताया कि 9 दिसंबर मंगलवार को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और ऊर्जा मंत्री हीरा लाल नागर कार्यकर्ता सुनवाई करेंगे। इस दौरान भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गैना और प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगडी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ता अपने मंडल अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी या प्रदेश पदाधिकारी से अनुशंसा करवाकर परिवाद प्रस्तुत कर सकेंगे, जिसके बाद वे संबंधित मंत्रियों के समक्ष अपना प्रकरण रख पाएंगे।

## राजस्थान में ज्ञान-क्रांति की होगी शुरुआत : हर ग्राम पंचायत में खुलेगा अटल ज्ञान केंद्र , ग्रामीण युवाओं को मिलेगी डिजिटल शिक्षा की नई दिशा

**भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने शिक्षा और ग्रामीण विकास को एक नई ऊंचाई देते हुए राजस्थान में ज्ञान-क्रांति की शुरुआत कर दी है। सरकार द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर स्थापित किए जा रहे अटल ज्ञान केंद्र ग्रामीण युवाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने जा रहे हैं। ये केंद्र डिजिटल शिक्षा से लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, ई-लाइब्रेरी, करियर परामर्श और सरकारी सेवाओं की आसान उपलब्धता जैसे अनेक आधुनिक संसाधनों से लैस होंगे, जिससे गांव और शहर के बीच की डिजिटल खाई तेजी से पाटी जा सकेगी।

पिछले दो वर्षों में राजस्थान सरकार ने ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत ढांचे और रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। इन्हीं प्रयासों की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना की जा रही है, जिन्हें मुख्यमंत्री ने राज्य को 'विकसित राजस्थान' बनाने की दिशा में मील का पत्थर बताया है। सरकार का मानना है कि जब गांव का युवा तकनीक और ज्ञान से जुड़ जाएगा, तो ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई गति आएगी और राज्य समग्र विकास की दिशा में आगे बढ़ेगा। इन केंद्रों में डिजिटल सुविधाओं की सशक्त व्यवस्था होगी , कंप्यूटर, हाई-स्पीड इंटरनेट, ऑनलाइन अध्ययन की सुविधा, ई-लाइब्रेरी और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष सामग्री उपलब्ध रहेगी। करियर परामर्श और क्षमता-विकास कार्यक्रम भी उनकी प्रमुख विशेषता होंगे। वहीं, ई-मित्र और कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से नागरिकों को सरकारी योजनाओं का लाभ भी आसानी से मिल सकेगा। प्रत्येक केंद्र में एक प्रशिक्षित 'अटल प्रेरक' की नियुक्ति की जाएगी, जो स्थानीय युवा होगा और केंद्र के संचालन के साथ-साथ युवाओं को मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे।



अटल ज्ञान केंद्रों की स्थापना को चरणबद्ध रूप से लागू किया जा रहा है। पहले चरण में 3,000 से अधिक आबादी वाले ग्राम पंचायत मुख्यालयों को प्राथमिकता दी गई है। अभी तक 1,274 केंद्रों को चिन्हित कर उनकी वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है। आने वाले समय में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों को इस योजना से जोड़ा जाएगा, ताकि राजस्थान का कोई भी ग्रामीण क्षेत्र विकास की मुख्यधारा से दूर न रहे। इस महत्वाकांक्षी योजना को और मजबूत बनाने के लिए भारत सरकार से भी बड़ा सहयोग प्राप्त हुआ है। पुनर्गठित राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान (आरजीएसए) के अंतर्गत राजस्थान को 1,047 पंचायत लर्निंग सेंटर (पीएलसी) की स्वीकृति मिली है, जिसके तहत 232 करोड़ रुपये से अधिक की सहायता प्रदान की जा रही है। इस सहायता से अटल ज्ञान केंद्रों में उन्नत कंप्यूटर लैब, डिजिटल प्लेटफॉर्म, ई-लाइब्रेरी सॉफ्टवेयर और प्रशिक्षण की उत्कृष्ट व्यवस्था विकसित होगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने इस सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता ग्रामीण क्षेत्रों को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण होगी।

अटल ज्ञान केंद्रों की यह पहल राजस्थान सरकार के विज़न 'विकसित भारत, विकसित राजस्थान' को साकार कर रही है। निश्चित रूप से ये केंद्र न केवल शिक्षा का माध्यम बनेंगे, बल्कि ग्रामीण परिवर्तन के वाहक भी सिद्ध होंगे, जहां से भविष्य का आत्मनिर्भर, डिजिटल और सशक्त राजस्थान तैयार होगा।

## अपहरण के मामले में फरार अपराधी को पकड़ने में बिजौलिया पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी

**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :**

थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे अपहरण के आरोपी को गिरफ्तार किया है । आरोपी माण्डलगढ़ थाने में चल रहे मामले में वांछित था। पुलिस ने तलाश के दौरान बीती 7 दिसंबर को मुखबिर की सूचना पर चिताबड़ा में दबिश दी, जहां आरोपी मनित उर्फ मनोज (28) पुत्र राधेश्याम कंजर, निवासी बड़ा चिताबड़ा कुएं के पास सोया हुआ मिला। पुलिस ने तुरंत घेराबंदी कर उसे दबोच लिया। कार्रवाई में थानाधिकारी स्वागत पाण्ड्या, एएसआई नरेश



कुमार, कांस्टेबल नरेंद्र, हेमराम और विश्राम सहित पुलिस टीम मौजूद रही । आरोपी पर नाबालिक बालिका का जबरन अपहरण कर शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## 43 दिन बाद बनी सहमति, चांदगढ़ का बनास बचाओ आंदोलन समाप्त

**भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर।**

क्षेत्र के चांदगढ़ गांव में 43 दिनों से जारी बनास बचाओ संघर्ष समिति का आंदोलन सोमवार को प्रशासन के साथ हुई वार्ता के बाद समाप्त हो गया। आकोला गांव के पास बनास नदी में लीज़ धारक महादेव एंक्लेव प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के खिलाफ ग्रामीण पिछले 42 दिनों से धरने पर बैठे थे। सोमवार दोपहर आरएलपी नेता लादूराम गोदारा के नेतृत्व में ग्रामीण ट्रैक्टर रैली के साथ बनास नदी किनारे पहुंचे, जिसके बाद प्रशासन वार्ता के लिए तैयार हुआ। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पारस जैन, मांडलगढ़ डीएसपी बाबूलाल विश्नोई, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह चौधरी, नायब तहसीलदार मदनलाल शर्मा, बीगोद, कोटड़ी व बड़लियास थानों का पुलिस जाब्ता सहित 150 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात रहे। वार्ता में एएसपी पारस जैन ने संघर्ष समिति के लादूराम गोदारा, राजेंद्र जाट, बनालाल जाट, श्रवण गुर्जर, देवकिशन जाट, राधेश्याम जाट, नारायण जाट व जुगना सुवालका से चर्चा की, जिसके बाद नदी में जेसीबी मशीनों



के स्थायी उपयोग पर रोक, पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ लगाने, ग्रामीणों द्वारा नदी से काटे पर डालने पर प्रति टन भुगतान तय करने, नदी क्षेत्र में सीसीटीवी लगाने तथा माइनिंग विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण जैसे बिंदुओं पर सहमति बनी। एएसपी ने शांतिपूर्ण आंदोलन की सराहना करते हुए गलत पाए जाने पर प्रशासन व ठेकेदार पक्ष पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। समझौते के बाद ग्रामीणों ने मिठाई बांटकर और पटाखे फोड़कर आंदोलन की समाप्ति का जश्न मनाया। चांदगढ़, जीवा खेड़ा, दोवनी, रघुनाथपुरा सहित कई गांवों ने इस आंदोलन में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जिसके लिए संघर्ष समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।

CMYK

# बिजौलिया अभिभाषक परिषद चुनाव : प्रदीप निर्विरोध महासचिव, बाकी पदों पर होगा रोचक मुकाबला



**भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया :**



**मानव तिवारी।** अभिभाषक परिषद के चुनाव वर्ष 2025-26 के लिए नाम निर्देशन पत्रों की जांच सोमवार को संपन्न हुई। चुनाव अधिकारी नरेश सिंह तंवर और सहायक चुनाव अधिकारी संजय कुमार धाकड़ ने जांच के बाद मान्य प्रत्याशियों की सूची जारी की। अध्यक्ष पद के लिए इस बार चार अभिभाषक सुमित कुमार जोशी, जगदीश चन्द्र धाकड़, राजु लाल धाकड़ और सुनिल कुमार जोशी में मुकाबला रहेगा। उपाध्यक्ष पद पर तीन प्रत्याशी, राजु लाल धाकड़, जसवंत सिंह सोलंकी और रामफूल धाकड़ मैदान में हैं। महासचिव पद के लिए प्रदीप कुमार शर्मा का नामांकन प्राप्त हुआ । सहसचिव पद पर मनीष धाकड़, हितेश धाबाई और ललिता सुवालका के नामांकन मान्य किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए पंकज कुमार धाकड़, दीपक मीणा और प्रदीप कुमार शर्मा ने दावेदारी की है, जबकि पुस्तकालय अध्यक्ष पद पर सुनिल कुमार धाकड़ और ललिता सुवालका के बीच सीधा मुकाबला रहेगा। जांच के दौरान एक नामांकन निरस्त भी हुआ। चुनाव अधिकारी नरेश तंवर ने बताया कि ललिता सुवालका का एनरोलमेंट सर्टिफिकेट 26 दिसंबर 2018 का होने से आवश्यक सात वर्ष की अवधि पूर्ण नहीं हुई, जिसके कारण उनका एक प्रत्याशी फार्म निरस्त किया गया है। जिसके चलते प्रदीप को महासचिव पद पर निर्विरोध निर्वाचित किया गया । चुनाव प्रक्रिया आगामी चरणों के अनुसार आगे बढ़ेगी।

# भीलवाड़ा में मामूली कहासुनी बनी जानलेवा: पड़ोसी ने पिता-पुत्र पर किया चाकू से हमला

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**



शहर के नया बापूनगर क्षेत्र में रविवार देर रात एक साधारण विवाद खूनखराबे में बदल गया। अलाव ताप रहे युवक को गाली-गलौज करने से मना करना पड़ोसी परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि युवक ने गुस्से में पड़ोसी पिता-पुत्र पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले के दौरान आरोपी युवक को भी हल्की चोट लगी है।

जानकारी के अनुसार नया बापूनगर स्थित टंकी वाले पार्क के पास रहने वाला सौरभ पुत्र गोविंद झा रात करीब 10.30 बजे अलाव तापते हुए लगातार अभद्र भाषा का प्रयोग कर रहा था। पहली मंजिल पर अपने घर से पड़ोसी महेशदास पुत्र गोवर्धनदास विरवानी ने उसे ऐसा न करने की हिदायत दी। इस पर सौरभ आगबबूला हो गया और महेश को नीचे बुलाकर धमकाने लगा।

इस दौरान जब महेश समझाने लगा तो कुछ ही पल में दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हो गई। इसी दौरान सौरभ अचानक घर के अंदर गया और सब्जी काटने वाला तेज चाकू लेकर बाहर आया।

आरोप है कि बाहर आते ही सौरभ ने महेश पर चाकू से सीने, पेट और हाथ पर कई वार कर दिए। हमले में महेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़ा । चीख-पुकार सुनकर महेश के पिता गोवर्धनदास नीचे पहुंचे तो आरोपी ने उन पर भी चाकू से वार कर दिया। इस हाथापाई के दौरान सौरभ के हाथ पर भी हल्की चोट आई।

मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर दोनों घायलों को तत्काल महात्मा गांधी अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों के अनुसार महेशदास की हालत नाजुक होने पर उसे उदयपुर रैफर कर दिया गया है। गोवर्धनदास और आरोपी सौरभ का उपचार जारी है।

सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि हमले के कारणों और विवाद के पूरे घटनाक्रम की छानबीन की जा रही है।

# स्क्रैप व्यापारी की संदिग्ध मौत, परिजन बोले यह सामान्य नहीं

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।**

शहर के रमा विहार में रविवार शाम अहमदाबाद के स्क्रैप व्यापारी गोपाल लाल तिवाड़ी (43) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिवार उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक के गले पर फंदे के निशान मिले हैं।

सोमवार को चचेरे भाई नारायण शर्मा ने पुलिस में रिपोर्ट दी कि गोपाल की मौत सामान्य नहीं लग रही और किसी अन्य घटना की संभावना है। परिजन की मांग पर पुलिस ने मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है।

मृतक के साले हेमेंद्र ने बताया कि गोपाल का शव घर के कमरे में पंखे से लटका मिला था । परिजन उसे उतारकर अस्पताल ले गए, लेकिन बचाया नहीं जा सका। गोपाल अहमदाबाद में स्क्रैप व्यापार करता था और परिवार सहित पिछले चार दिनों से रमा विहार में रह रहा था । पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

# बनेडा में इलेक्ट्रॉनिक दुकान से चोरों ने पाँच लाख कैश सहित लाखों का माल उड़ाया

**भीलवाड़ा फोकस @ बनेड़ा ।**




कस्बे में चोरों ने रविवार देर रात गुलाबपुरा रोड स्थित चारभुजा इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर बड़ी वारदात को अंजाम दिया। रात के सन्नाटे में चोर ताले तोड़कर दुकान में घुसे और अंदर घंटों तक आराम से खोजबीन करते रहे। दुकान मालिक भागचंद कुमावत ने बताया कि चोरों ने पूरे स्टोर को खंगालने के बाद भीतर रखे लगभग पाँच लाख रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा तीन बड़े फ्रीज, दस एलसीडी, सोलह पानी की मोटरें, बोरवेल मोटर और नल व लाइट फिटिंग का पूरा सामान चोरी कर ले गए। सुबह पड़ोसी सुखदेव तेली ने टूटा ताला देखकर चोरी का पता लगाया और तुरंत कुमावत को सूचना दी। वारदात की खबर फैलते ही पूरे कस्बे में सनसनी फैल गई और व्यापारी वर्ग में नाराज़गी बढ़ गई। लोगों का कहना है कि लगातार हो रही चोरियों के बावजूद पुलिस की रात गश्त कमजोर है, जिसके चलते चोरों के हौसले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट ने बनास नदी में मिले जले हुए ट्रैक्टर की जांच की



**भीलवाड़ा फोकस @ आकोला**

**जसवंत पारीक**

क्षेत्र की बनास नदी में रविवार को जले हुए अवस्था में मिले ट्रैक्टर की सोमवार को मोबाइल इन्वेस्टिगेशन यूनिट, भीलवाड़ा ने मौके पर पहुंचकर जांच की। हेड कॉन्स्टेबल अहमद नूर ने बताया कि सूचना मिलते ही टीम घटनास्थल पर पहुंची और एफएसएल जांच के लिए आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए।

ज्ञात रहे कि वर्तमान में बनास नदी पर बजरी लीज का कार्य चल रहा है, जिसके चलते कई ट्रैक्टर बजरी निकालने में लगे रहते हैं।

चालक अक्सर रात में ट्रैक्टर को नदी के नाके पर खड़ा कर घर लौट जाते हैं। मामले में भी ट्रैक्टर मालिक रात को वाहन को नाके के पास खड़ा कर घर गया था, लेकिन सुबह पहुंचने पर ट्रैक्टर जला हुआ मिला। जांच के दौरान टीम में सुभाष पारीक, बडलियास थाना पुलिस के महेंद्र, दीवान बजरंग लाल सहित पुलिस जाब्ता मौजूद रहा।

# मांडलगढ़ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक , लोकतंत्र बचाने और संगठन मजबूत करने का आह्वान

**भीलवाड़ा फोकस @ मांडलगढ़ ।**





कस्बे के भक्त निवास में आयोजित विशेष बैठक में नवनियुक्त जिला कांग्रेस अध्यक्ष रामलाल जाट ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन को मजबूती देने, लोकतंत्र की रक्षा करने और आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार रहने का संदेश दिया। बैठक में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और कांग्रेस पदाधिकारी शामिल हुए।

रामलाल जाट ने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा के लिए राहुल गांधी के हाथ मजबूत करना आवश्यक है। जाट ने सभी कार्यकर्ताओं से संगठित होकर पार्टी को सशक्त बनाने की अपील की।

जाट ने बताया कि 14 दिसंबर को दिल्ली में होने वाली महारैली में मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रमुख कार्यकर्ता मजबूती के साथ हिस्सा लें। यह रैली जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय स्तर पर उठाने का महत्वपूर्ण मंच होगी।

रामलाल जाट ने स्पष्ट कहा कि आगामी पंचायत राज और नगर पालिका चुनाव में जो कार्यकर्ता जनता की सेवा और पार्टी के साथ एकजुटता से काम करेंगे, उन्हें प्राथमिकता से मौका दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा गरीबों व किसानों के हितों के लिए संघर्ष किया है और जनकल्याणकारी योजनाएँ चलाई हैं, जबकि वर्तमान भाजपा सरकार इन योजनाओं को बंद कर नुकसान पहुँचा रही है।

जाट ने कहा कि मांडलगढ़ विधानसभा के कार्यकर्ताओं को जनता की समस्याओं को पूरी मजबूती से उठाना होगा और आवश्यक होने पर धरना-प्रदर्शन कर जनता की आवाज सरकार तक पहुँचानी होगी।

बैठक में पूर्व विधायक प्रदीप कुमार सिंह, विधानसभा प्रभारी वंदना माथुर, विभा माथुर, मुरली गुर्जर, प्रधान जितेंद्र मुंद्रड़ा, पूर्व प्रधान विजय सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष शिवकुमार त्रिपाठी, कन्हैयालाल जाट, भंवरू खान, संपत गुर्जर, भैरूलाल जाट, अंकित तिवारी, रफीक टांक, मुबारक हुसैन, सोझीराम मीणा, रामफूल धाकड़, कुलदीप सिंह, धनराज जाट, रामप्रसाद जाट, अब्दुल रशीद, आसम देवकरण मीणा, भेरूलाल शर्मा, सत्यनारायण माली, विनय झवर, अनिल राव, गोपाल सुवालका, अरविंद सिंह, अलका लड्ढा , विनोद धोबी, कैलाश शर्मा, छित्तर प्रजापत, ओमप्रकाश जाट, गोपाल गुर्जर, नंदलाल गुर्जर, उदयलाल गुर्जर, अजय राज सिंह, सुरेंद्र सिंह, मोहम्मद हारून, अब्दुल कयूम, राजेश सेठिया, महेंद्र सिंह, नंदलाल बलाई, नंदलाल भील, अशोक जाट, गणेश जाट, मोडूराम सुथार, विजय शर्मा, दुर्गालाल, रमेश शर्मा, मुकेश खटीक, दिलकुश जाट, अजीत सिंह, निसार मोहम्मद, उमेश जोशी, अब्दुल सलाम रंगरेज, इस्लाम मोहम्मद, सुनील शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, पूर्व सरपंच विजय तिवारी सहित कई लोग उपस्थित रहे।बैठक का संचालन रफीक टांक ने किया।

# स्वस्थ शरीर के लिए एक पहल ,14 दिसंबर को महात्मा गांधी अस्पताल में आयोजित होगा निःशुल्क जांच शिविर

**भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।**




'पहला सुख निरोगी काया' की भावना को सार्थक करते हुए राजस्थान पत्रकार परिषद एवं युनेस्को एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सबसे बड़े राजकीय अस्पताल महात्मा गांधी चिकित्सालय में 14 दिसंबर, रविवार सुबह 8 बजे सभी सदस्यों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया जाएगा।

शिविर में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, कोलेस्ट्रॉल, हीमोग्लोबिन, यूरिक एसिड, लिवर फंक्शन टेस्ट, किडनी फंक्शन टेस्ट, थाइरोइड फंक्शन टेस्ट, विटामिन डी जांच और नेत्र जांच शामिल हैं।

इन जांचों से हृदय रोग, मधुमेह, एनीमिया, गठिया, लिवर-किडनी संबंधी समस्याएं, थाइरोइड असंतुलन और आंखों के संक्रमण जैसी स्वास्थ्य स्थितियों का समय रहते पता लगाया जा सकेगा।



## QUICK BITES

### 156 जरूरतमंद बच्चों को जर्सियां वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जय गोविंदा टीम भीलवाड़ा की ओर से रीठ विद्यालय में जरूरतमंद 156 बालक-बालिकाओं को सर्दी से बचाव हेतु जर्सियां वितरित की गई। भामाशाह राधेश्याम तोषनीवाल, सुरेश तोषनीवाल, दिलीप काष्ट और देवराज खटीक द्वारा बच्चों को गर्म वस्त्र दिए गए, साथ ही विद्यालय को 10 बैग और दरिया भी भेंट की गई।

इस दौरान स्थानीय सरपंच योगिता बनवारी शर्मा की ओर से विद्यालय में श्रीकृष्ण भोग का भी आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को विविध पारंपरिक व्यंजन परोसे गए।

कार्यक्रम में संस्था प्रधान निशा क्षोत्रिय, गोविंदा टीम सदस्य कृष्ण गोपाल जाखेटिया, सत्यनारायण शर्मा, पुष्कर पंचोली, राकेश आचार्य, शंकर मूंदड़ा, रमेश सिंधी सहित विद्यालय परिवार व ग्रामीण मौजूद रहे।

### 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।




लायंस क्लब भीलवाड़ा की ओर से राउमावि स्वरूपगंज स्कूल में 50 जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए गए। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन एडवोकेट पवन पंवार और भामाशाह एम.जे.एफ. लायन जी.सी. जैन ने विद्यालय को जल्द ही कंप्यूटर व प्रिंटर प्रदान करने की घोषणा भी की।

कार्यक्रम में पवन पंवार ने बच्चों को पढ़ाई के साथ खेलकूद में भाग लेने, माता-पिता और गुरुजनों का सम्मान करने तथा देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। लायन ललित सांखला ने शिक्षा पर पूरा ध्यान केंद्रित करने और सरकारी संपत्ति की सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की बात कही।

लायन विनोद जैन ने बताया कि क्लब द्वारा जल्द ही एक मोबाइल एंबुलेंस सेवा शुरू की जा रही है, जो सरकारी स्कूलों में जाकर बच्चों की आंखों की जांच कर जरूरतमंद विद्यार्थियों को निःशुल्क चश्मे और दवाइयां उपलब्ध करवाएगी।

लायन भवानी शंकर दुधानी ने विद्यार्थियों को नशे व बुरी आदतों से दूर रहने की सलाह दी। विद्यालय के प्रिंसिपल ने क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कंप्यूटर-प्रिंटर की आवश्यकता बताई, जिस पर जी.सी. जैन ने तत्काल इसकी स्वीकृति दी।

भीलवाड़ा फोकस
भीलवाड़ा की बात फोकस के साथ
एक सशक्त पत्रकारिक मंच से जुड़ने का सुनहरा अवसर!
"भीलवाड़ा फोकस" को अपने नेटवर्क के विस्तार हेतु योग्य एवं उत्साही संवाददाताओं की जहाजपुर | गुलाबपुरा | आसिंद | मांडल | गंगापुर | माण्डलगढ़ । बदनौर सहित भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर अनुभवी क्राइम रिपोर्टर की आवश्यकता है ।
क्या आपके पास है –
- समाचारों को पकड़ने की तेज़ नजर ?
- निष्पक्षता, निडरता और पत्रकारिता के प्रति समर्पण ?
- डिजिटल रिपोर्टिंग या प्रिंट मीडिया का अनुभव ?
तो फिर देर किस बात की? अभी जुड़िए - "भीलवाड़ा फोकस" परिवार के साथ।
संपर्क करें: मो. 8696795959 ईमेल: bhilwarafocus@gmail.com
वेब: www.bhilwarafocus.com

# तोगड़िया बोले-हर घर पर लहराएगा भगवा, राम मंदिर बना, अब हिंदू एकता का समय

**बिजौलिया में 'हिंदुत्व की हुंकार' धर्मसभा; राम मंदिर आंदोलन, जनसंख्या, घुसपैठ और हनुमान चालीसा पाठ पर दिया संदेश**

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।

कस्बे के पंचायत चौक में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद व राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रख्यात कैंसर सर्जन डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने हिंदुत्व की हुंकार धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर बन चुका है, अब हर घर पर भगवा लहराने का समय है। तोगड़िया ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए वर्षों तक संघर्ष चला और पूरे देश से सवा रुपए संग्रह कर प्रत्येक हिंदू परिवार की सहभागिता सुनिश्चित की गई। 50 लाख गांवों के लोगों के खून-पसीने से मंदिर तैयार हुआ है। अपने संबोधन में तोगड़िया ने कहा कि हिंदू समाज मजबूत तभी होगा जब हर परिवार में तीन बच्चे होंगे। उन्होंने देश में फैली अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि देश से तीन करोड़ बांग्लादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालना आवश्यक है। इसी के साथ उन्होंने मंच से सभी



लोगों को नियमित रूप से हनुमान चालीसा पाठ करने का सामूहिक संकल्प भी दिलवाया।

धर्मसभा में चित्तौड़ प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष घनश्याम सोनी, ब्रह्मकुमारी आश्रम की बीके रचना सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे ।



### छोटी बिजौलिया में आज किसान संगोष्ठी

डॉ. तोगड़िया मंगलवार को छोटी बिजौलिया में सुबह आयोजित किसान संगोष्ठी में किसानों से संवाद करेंगे। इसके बाद वे बिजौलिया में डॉ. मेहर के निवास पर विशिष्ट जनों से मुलाकात करेंगे तथा बिजौलिया किसान आंदोलन के प्रणेता क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद अंत में देव डूंगरी पर गुर्जर समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में भाग लेकर सुबह 11 बजे कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# 'भगवान की ऊर्जा सही मिलेगी तो हमारा कल्याण होगा : डॉ. प्रवीण तोगड़िया

**सवाईपुर व ढ़ेलाणा में राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष का भव्य स्वागत**





भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

**(सांवर वैष्णव)।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया सोमवार को सवाईपुर पहुंचे, जहां बजरंग दल व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं सहित ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए तोगड़िया ने कहा कि जीवन की ऊर्जा भगवान से मिलती है और जब तक यह ऊर्जा सही ढंग से प्राप्त होती रहेगी, तभी हमारा कल्याण संभव है।

तोगड़िया ने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे मोबाइल की चार्जिंग खत्म होगी तो वह काम नहीं करेगा, वैसे ही शरीर की ऊर्जा भोजन से और भोजन की ऊर्जा सूर्य तथा सूर्य की ऊर्जा भगवान से मिलती है। इसलिए प्रत्येक गांव में शनिवार और मंगलवार को नियमित हनुमान चालीसा का पाठ किया जाना चाहिए। उन्होंने लोगों से जीवन में आध्यात्मिकता को प्राथमिकता देने और भक्ति के माध्यम से सकारात्मक ऊर्जा प्राप्त करने का आह्वान किया।

राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनिल साहू ने बताया कि बिजोलिया जाते समय दोपहर 2 बजे डॉ. तोगड़िया सवाईपुर पहुंचे। यहां उन्होंने एक निजी होटल का उद्घाटन किया तथा इसके बाद गोपाल लाल तेली के आवास पर पहुंचे। मुख्य बस स्टैंड, तेजाजी चौक सहित कई मार्गों से होते हुए वे घीसा लाल तेली के घर पहुंचे, जहां भोजन के बाद सभा को संबोधित किया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष उपस्थित रहे।

सभा के बाद बजरंग दल सहित विभिन्न संगठनों ने माला, दुपट्टा, साफा पहनाकर और तलवार भेंट कर उनका सम्मान किया। इसके बाद वे बिजोलिया के लिए रवाना हुए।

प्रभुलाल साहू ने बताया कि सोमवार सुबह 10:15 बजे बड़े चारभुजानाथ मंदिर से हरि बोल प्रभात फेरी प्रारंभ हुई, जो ब्राह्मणों के मंदिर, गाडरी मोहल्ला, विद्युत ग्रिड, मुख्य बस स्टैंड, सब्जी मंडी, कुम्हार मोहल्ला होते हुए पांडाल में पहुंची। प्रभात फेरी से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में डूब गया और हर तरफ 'हरि बोल' के जयकारे गूंजे। आसपास के 121 गांवों की प्रभात फेरी मंडलियां भी इसमें शामिल हुईं।

इस दौरान चंद्र सिंह, घनश्याम जोशी, प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति, पूर्व मंडल अध्यक्ष कैलाश चंद्र तिवारी, दिलीप सिंह, अमरचंद गाडरी, नवरतन शर्मा, भरत सिंह पडासोली, देवराज जाट, राजेश श्रोत्रिय, शांतिलाल आचार्य, भैरू शर्मा बड़ला, जगदीश लोहार, पन्नाजी जैन, दीपक जैन, मुकेश श्रोत्रिय, जगदीश वैष्णव, राकेश जाट, विष्णु जाट सहित अनेक कार्यकर्ता व ग्रामीण मौजूद रहे। सवाईपुर जाते समय दोपहर 1:15 बजे डॉ. तोगड़िया का ढ़ेलाणा चौराहे पर भी कार्यकर्ताओं ने साफा पहनाकर स्वागत किया।

इस दौरान नंदराम दास वैष्णव, सुखा जाट, शांतिलाल वैष्णव, सांवरमल वैष्णव, राहुल जाट, मनीष जाट, संजय जाट सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रवीण तोगड़िया का हुआ भव्य स्वागत, समाज की एकता और मानव सेवा को बताया राष्ट्रनिर्माण का आधार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

शास्त्रीनगर मैन सेक्टर स्थित समाजसेवी राजेंद्र पुष्पा गोखरू के निवास पर रविवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद और बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण भाई तोगड़िया का भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के प्रबुद्धजन, विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे, जिन्होंने माल्यार्पण कर तोगड़िया का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में जेएसजी भीलवाड़ा मैन और संगिनी जेएसजी क्षेत्र के पदाधिकारियों सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सभी ने पारंपरिक रूप से तोगड़िया का स्वागत



करते हुए उनके आगमन को समाज के लिए प्रेरक बताया।

इस अवसर पर प्रवीण भाई तोगड़िया ने समाज की एकता, सेवा, संस्कार और राष्ट्रहित पर सारगर्भित विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि एक संगठित और जागरूक समाज ही सशक्त राष्ट्र की नींव होता है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सेवा ये तीन स्तंभ समाज को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से समाजहित में अपनी भूमिका निभाने तथा सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

समारोह के आयोजक राजेंद्र-पुष्पा गोखरू ने कहा कि तोगड़िया जी का उनके निवास पर आगमन सौभाग्य की बात है। उनका मार्गदर्शन समाज को सद्भाव, मानव सेवा और एकता की दिशा में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

मीडिया प्रभारी मनीष बंब ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान जेएसजी की शिक्षा, चिकित्सा और जरूरतमंदों की सहायता से जुड़े सेवा कार्यों की जानकारी भी तोगड़िया को दी गई। उन्होंने आश्वस्त किया कि जेएसजी भीलवाड़ा मैन आगे भी समाजसेवा की गतिविधियों को और मजबूती से जारी रखेगा।

कार्यक्रम में जेएसजी भीलवाड़ा मैन के अध्यक्ष प्रदीप सांखला, निर्मल खजांची, संयुक्त सचिव पुनीत मेहता, कोषाध्यक्ष बलबीर सिंह डागलिया, संगिनी जेएसजी की अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा गोखरू, सीए निर्भीक गांधी, जेएसजी स्टार के अध्यक्ष मनीष लोढ़ा, मंत्री मनीष कोठारी, अभिषेक खजांची, निशांत जैन, ललित डोसी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# स्टाफ की भारी कमी से जूझ रही शक्करगढ़ सीएचसी को जल्द मिलेगी राहत, ग्रामीणों की शिकायत पर प्रशासन हरकत में

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़

**सांवरिया सालवी।** लंबे समय से स्टाफ की कमी से जूझ रहे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शक्करगढ़ में अब हालात सुधारने की दिशा में कदम तेज होने वाले हैं। पीएचसी से सीएचसी में क्रमोन्नत होने के बावजूद यहां पर्याप्त चिकित्सा कर्मी नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही थी। रोजाना 100-200 तक ओपीडी मरीज पहुंचने के बावजूद स्वास्थ्य सेवाएं पूरी क्षमता से नहीं चल पा रही थीं।




ग्रामीणों ने बताया कि पहले से कम स्टाफ होने के बावजूद यहां पदस्थ कर्मचारी आए दिन उच्चाधिकारियों द्वारा डेपुटेशन पर भेज दिए जाते हैं, जिससे सामान्य सेवाएं भी प्रभावित रहती हैं। कई गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता, जिससे नाराजगी लगातार बढ़ रही है।

स्थानीय लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने विधायक गोपीचंद मीना से भेंट कर सीएचसी शक्करगढ़ में पर्याप्त स्टाफ की नियुक्ति और डेपुटेशन पर भेजे गए कार्मिकों को तत्काल वापस लगाने की मांग रखी। ग्रामीणों ने कहा कि सीएचसी बनने से बेहतर चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद थी, लेकिन स्टाफ की कमी ने सारी व्यवस्था चरमरा दी है।

जहाजपुर बीसीएमओ भागीरथ मीना ने कहा शिकायतें मिली हैं। आगे से डेपुटेशन रोका जाएगा और शक्करगढ़ सीएचसी में स्टाफ बढ़ाया जाएगा। मरीजों को राहत देना हमारी प्राथमिकता है।

विधायक गोपीचंद मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए की शक्करगढ़ सीएचसी में पर्याप्त स्टाफ शीघ्र लगाया जाएगा। आमजन को राहत देना सरकार की जिम्मेदारी है और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रहने दी जाएगी।

# मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण सही प्रक्रिया : प्रवीण तोगड़िया

## पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद की आधारशिला को बताया राजनीतिक स्टंट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

**मूलचन्द पेसवानी**

अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. प्रवीण तोगड़िया ने सोमवार को भीलवाड़ा जिले के प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत में कहा कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था का अनिवार्य हिस्सा है और यह प्रक्रिया पूरी तरह सही है, बशर्ते इसे ईमानदारी एवं पारदर्शिता से किया जाए। तोगड़िया ने कहा कि प्रशासन यदि यह सुनिश्चित करता है कि किसी विदेशी नागरिक, विशेषकर बांग्लादेशी नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो और साथ ही देश के वास्तविक एवं पात्र नागरिक सूची से बाहर न हों, तो यह कदम लोकतंत्र को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि गुजराती भाषा में इसे 'खराय' कहा जाता है, जिसका अर्थ ही है सही, शुद्ध और उचित प्रक्रिया। यदि मतदाता सूची का पुनर्मूल्यांकन इसी भावना से किया जा रहा है, तो इसका विरोध करने का कोई आधार नहीं है।

तोगड़िया ने पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में टीएमसी से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखने के दावे को एक पब्लिसिटी स्टंट करार दिया। उन्होंने कहा कि बाबर, हुमायूं और औरंगजेब के नाम पर राजनीति करने से कोई आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने कहा, देश में मुगल-हुमायूं की कोई औलाद आज जीवित नहीं है। ऐसे कई हुमायूं आए और चले गए, लेकिन महाराणा प्रताप और छत्रपति शिवाजी के वंशज आज भी एमपी-एमएलए के रूप में जनता का नेतृत्व कर रहे हैं। यही भारत की असली पहचान है। तोगड़िया ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी ने इस मस्जिद निर्माण का समर्थन नहीं किया और बाद में विधायक को निलंबित कर महज़ एक राजनीतिक नाटक रचा गया।

एक दिवसीय भीलवाड़ा प्रवास के दौरान हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने तोगड़िया का स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने पदाधिकारियों और उनके



परिजनों के साथ बैठकर सामाजिक, धार्मिक और जीवनशैली से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। तोगड़िया ने कहा कि हनुमान चालीसा न केवल आध्यात्मिक शक्ति का स्रोत है बल्कि मन और शरीर को स्वस्थ रखने की प्रेरणा भी देती है। उन्होंने बताया कि मंगलवार और शनिवार को इसका विशेष पाठ किया जाता है, जबकि प्रतिदिन हनुमान जी का नाम लेने से मानसिक ऊर्जा बढ़ती है। उन्होंने कहा कि देश में लगभग 25 करोड़ लोग ब्लड प्रेशर के मरीज हैं, और यदि खान-पान व्यवस्थित और शुद्ध रखा जाए तो मन और तन दोनों स्वस्थ रह सकते हैं। 'मैं एक कैंसर सर्जन रहा हूं,' तोगड़िया ने कहा, 'अनुभव से कहता हूं कि सभी लोग कम नमक खाएं, तनाव से दूर रहें और सुबह भगवान का स्मरण कर दिन की शुरुआत करें। इसी उद्देश्य से 'हनुमान चालीसा केंद्र' को स्वास्थ्य केंद्र से जोड़कर लोगों को आध्यात्मिक और शारीरिक दोनों तरह की ऊर्जा देने का प्रयास किया गया है।

तोगड़िया ने उपस्थित परिवारों से संकल्प कराया कि प्रत्येक घर में प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ होगा, परिवार में सम्मान और सद्भाव रहेगा, शुद्ध खान-पान और सकारात्मक दिनचर्या अपनाई जाएगी तथा बच्चों को भारतीय संस्कृति और जीवन मूल्यों की शिक्षा दी जाएगी

# सरकार के दो वर्ष पूरेः भीलवाड़ा भाजपा की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित






भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

एसआईआर अभियान की प्रगति की समीक्षा तथा राज्य में भजनलाल शर्मा सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के उद्देश्य से भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं पार्षदों की एक महत्वपूर्ण बैठक भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने की, जबकि महापौर राकेश पाठक विशेष रूप से उपस्थित रहे।

जिला प्रवक्ता अंकुर बोरदिया ने बताया कि एसआईआर अभियान 11 दिसंबर तक चलेगा। इस संदर्भ में महापौर राकेश पाठक ने कहा कि भीलवाड़ा विधानसभा को संगठनात्मक रूप से मजबूत बनाने के लिए आवश्यक है कि प्रत्येक कार्यकर्ता आगामी 72 घंटे तक अपना पूरा समय और श्रम अभियान को दे। ऐसे मतदाता जिनका नाम वर्तमान मतदाता सूची में है लेकिन 2002 की सूची में नहीं है, अथवा जिनका नाम दोनों सूचियों में है लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा ,उनकी सटीक मैपिंग करना प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा नियुक्त बीएलए टू, वार्ड पार्षद और कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ के साथ समन्वय कर मोहल्ला बैठकें आयोजित करें और मैपिंग संबंधी चुनौतियों का समाधान कर कार्य को पूर्ण करें।

जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने बताया कि राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने पर 10 से 25 दिसंबर तक प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर पर व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले की सातों विधानसभाओं में एक-एक जनजागरण रथ भेजा जाएगा, जो 15 दिनों तक राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं और दो वर्ष की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करेगा।

बैठक का संचालन जिला महामंत्री प्रहलाद त्रिपाठी ने किया।इस दौरान बीएलए वन मुकेश चेचाणी, गणेश मंडल अध्यक्ष मुकेश सोनी, प्रताप मंडल अध्यक्ष नागेंद्र सिंह राव, शास्त्री मंडल अध्यक्ष रमेश खोईवाल, सुभाष मंडल अध्यक्ष ऋतुशेखर शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## QUICK BITES

### स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित, महिलाओं को दी महत्वपूर्ण जानकारी

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा ।



राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना की सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता इकाई के तहत सोमवार को भीलों का मोहल्ला, कलिंजरी गेट पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सहायक सामाजिक विकास एवं जेंडर सपोर्ट अधिकारी महेंद्र सिंह राणावत ने उपस्थित महिलाओं को स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की।

राणावत ने पंपलेट वितरित कर बताया कि घरों के सेप्टिक टैंकों से निकलने वाले मल जल को सुरक्षित रूप से टैंकरों में भरकर जहाजपुर रोड पर बन रहे एफएसटीपी तक ले जाया जाएगा, जहां इसका वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रणाली के लागू होने से पहले होने वाली गंदगी और दुर्गंध की समस्या से काफी राहत मिलेगी तथा वातावरण स्वच्छ रहेगा।

उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे बारिश के दिनों में घरों के आसपास गंदा पानी जमा न होने दें और नियमित सफाई का ध्यान रखें, क्योंकि गंदे पानी से मच्छर पनपते हैं और बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है।

राणावत ने बताया कि बीमारियां अक्सर गंदगी से उत्पन्न होती हैं, इसलिए घर एवं आस-पास की साफ-सफाई बेहद जरूरी है। उन्होंने नगर पालिका द्वारा संचालित कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा डालने तथा स्वच्छता नियमों का पालन करने की भी अपील की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं और स्वच्छता से जुड़ी जानकारी प्राप्त की।

### टीटोडा जागीर पीएचसी का बीसीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

भीलवाड़ा फोकस @ शक्करगढ़ ।



टीटोडा जागीर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को मुख्य ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी बीसीएमओ भागीरथ मीना ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य केंद्र की कार्यप्रणाली, मरीजों को मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं और विभागवार व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करना था। निरीक्षण के दौरान बीसीएमओ ने ओपीडी, दवा भंडारण कक्ष, प्रयोगशाला, टीकाकरण कक्ष, स्वच्छता व्यवस्था तथा अभिलेख संधारण सहित सभी प्रमुख सेक्शनों का विस्तार से जायजा लिया। मीणा ने अधिकांश व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया, साथ ही आवश्यक सुधार संबंधी निर्देश भी दिए। पीएचसी इंचार्ज मयंक झवर ने बताया कि निरीक्षण में केंद्र की व्यवस्थाओं को सराहनीय माना गया।

### यूनेस्को का प्लास्टिक छोड़ो अभियान , छात्रों को समझाए दुष्प्रभाव, कपड़े के बैग वितरित

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



जिला यूनेस्को एसोसिएशन, जवाहर फाउंडेशन व एलएनजे ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में चल रहे 'प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति से नाता जोड़ो' अभियान के तहत लेबर कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीनियर कक्षाओं के छात्र-छात्राओं को प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताकर सभी को कपड़े के बैग वितरित किए गए।

कार्यक्रम संयोजक व स्टेट फेडरेशन ऑफ यूनेस्को एसोसिएशन इन राजस्थान के प्रदेश संयोजक गोपाल लाल माली ने कहा कि प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए हानिकारक है ,यह प्रदूषण बढ़ाकर कई दीर्घकालिक बीमारियों का कारण बनता है। उन्होंने छात्रों से कपड़े के बैग अपनाने और प्लास्टिक-मुक्त उत्पादों को बढ़ावा देने की अपील की। नारा दिया प्लास्टिक छोड़ो, प्रकृति को हां। विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक जैथलिया ने भी प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से परिवार व मित्रों को जागरूक करने का आग्रह किया। जिला यूनेस्को एसोसिएशन की प्रवक्ता मधु लोढ़ा ने बताया कि अभियान के तहत शहर में बड़े पैमाने पर कपड़े के बैग वितरित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में जगदीशचंद्र मुंदड़ा (सचिव), मधु लोढ़ा (प्रवक्ता), तोताराम माली (निदेशक), साधना मैलाना, उदयलाल माली (दिशा कमेटी स्टेट सदस्य), किरण तेजावत, सुमनलता जोशी, नेहा आचार्य, कविता सोनी, जितेंद्र वैष्णव, राजेश जीनगर सहित विद्यालय स्टाफ और सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।